वजीरगंज के दिव्यांशु कुमारका राष्ट्रीय स्तर पर चयन, खुशी की लहर

वजीरगंज (आससे)।राष्ट्रीय एकता दिवस 2026 के अवसर पर वजीरगंज के लिए गर्व की खबर है। प्रखंड के भरेटी गांव निवासी 28 वर्षीय दिव्यांशु कुमार का राष्ट्रीय स्तरपर चयन हुआ है। चयनके बाद दिव्यांशु गुजरात के नर्मदा जिले



के केवड़िया स्थित विश्व प्रसिद्ध स्टैच्यू आफ यूनिटी में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और अपनी प्रतिभाका प्रदर्शन करेंगे। दिव्यांशु के चयन की जानकारी वजीरगंज बाजार थानाध्यक्ष नीरज कुमार द्वारा दी गई। खबर मिलते ही पूरे वजीरगंज विधानसभा क्षेत्रमें खुशी और उत्साहका माहौल है।

दिव्यांशुने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर समाज सेवा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। वे पितृपक्ष मेले के दौरान लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हैं। समाज के प्रति उनकी निष्ठाने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है। महज 28 वर्षकी उम्र में राष्ट्रीय मंच तक पहुंचना उनकी मेहनत और समर्पण का परिचायक है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे वजीरगंज बाजार और गया जिले के लिए गौरव की बात है। यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने देखते हैं।

32 वर्ष बाद मिला न्याय, हत्या मामले में दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

गयाजी। पत्नी की हत्या के एक मामले में अदालत ने गुरुवार को दोषी पति को आजीवन कारावासकी सजा सुनाई.



साथ ही साथ 55 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया. जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ संजय कुमार की अदालत ने दोषी पति उपेंद्र यादव को यह सजा सुनाई. दोषी अभियुद्र कोच थाना के कर्मा गांवका रहने वाला है. इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक परवेज शाहीन ने अपना पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतिका के भाई ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. अपनी प्राथमिकी में उन्होंने कहा था कि शादीके दस साल बाद 29 जनवरी 1994 को दोषी अभियुक्त उपेंद्र यादव अन्य लोगों के साथ एकमत होकर मृतिका पानमती देवी की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से लाश को जमीन के अंदर गाड़ दिया. इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 11 गवाहों की गवाही हुई. यह मामला कोच थाना कांड संख्या 31/ 1994 से संबंधित है.

नीरज कुमार की जीत जनता के भरोसे की जीत : डा. पंकज

गया जी। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सहित एनडीए प्रत्याशीकी शानदार जीतपर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डा. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने पटना स्नातक क्षेत्र से नीरज कुमार के प्रति स्नातक मतदाताओं के विश्वास, समर्थन और उनके निरंतर जनसेवा के प्रयासों का प्रतिफल बताया। डा. मनीष पंकज मिश्राने कहा कि नीरज कुमार ने अपनी लोकप्रियता, राजनीतिक



अनुभव और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को बरकरार रखते हुए पुनः जीत हासिल की है। यह विजय उनके नेतृत्वपर जनताके भरोसे को दर्शाती है। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्रके मतदाताओंने उन्हें अपना समर्थन देकर यह साबित किया है कि जनहित में निरंतर कार्य करने वाले नेतृत्व को जनता काआशीर्वाद मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की इस जीतसे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। नीरज कुमार सदैव स्नातक मतदाताओं की समस्याओं, शिक्षा जगत से जुड़ेमुद्दोंतथा युवाओंके हितोंको प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें, ऐसी अपेक्षा है।

Govt. of Bihar

DISTRICT PROGRAMME MANAGEMENT UNIT (DPMU) DARBHANGA
STATE SOCIETY FOR ULTRA POOR & SOCIAL WELFARE (SSUPSW) , SAKSHAM,
DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE, GOVERNMENT OF BIHAR,
Social Security Cell, Collectorate Darbhanga, Bihar- 846001 &Saksham DPMU cum Buniyad, Bahadurpur Block Campus, Beside FCI Godown Darbhanga-846002
Phone No:- 06272-244645, E-mail: darbhangasaksham@gmail.com

SHORT TERM TENDER

SOCIAL SECURITY CELL, COLLECTORATE DARBHANGA invites sealed tenders from reputed Organisations/Agencies for Supply of Manpower to run "Male Beggars Rehabilitation Home" in DARBHANGA under MukhyamantriVikshavritiNivaran Yojna (MBNY)

The interested Organisations/ Agencies may submit their Technical and Financial bid in prescribed format in separate sealed cover. The required manpower services, bid document, terms and conditions, format for technical and financial bid for participating in the bid are available at DPMU (SAKSHAM), DARBHANGA, District Social Security Cell, Darbhanga, **www.ssupsw.in**and on www.darbhanga.nic.in
The other important details are as follows:

S. N	PARTICULARS	DETAILS
1.	Availability of Tender documents in District Social Security Cell, Collectorate Darbhanga &DPMU (Saksham), Darbhanga andonline websitewww.ssupsw.in and on www.darbhanga.nic.in	From 03/11/2026 To 26/11/2026 till 05:00PM
2.	Last Date and Time for receipt of sealed Tender offers	26/11/2026 till 5:00PM
3.	Date & time of opening of bid	28/11/2026 at 12:30PM
4.	Earnest Money Deposit (EMD)	Rs. 20,000/-

The District Social Security Cell, Collectorate Darbhanga, Bihar- 846001will reserve right to cancel this tender or its process at any stage without assigning any reason.

The Technical Bid & Financial Bid should be sealed in two separate envelopes by mentioning the words "Technical Bid"/ "Financial Bid" on the respective covers specifically. These two envelopes should be contained in a single sealed envelope superscribed as "TENDER FOR SUPPLY OF MANPOWER" and should be submitted by Post/Courierlatest by26/11/2026 **till 5:00 PM** to DPMU –cum-Buniyad Kendra, Sadar, Bahadurpur Block Campus, Beside FCI Godown, Darbhanga, Bihar-846002, Phone No:- 06272-244645.

Assistant Director
Social Security Cell
-Cum-
District NodalOfficer, MBNY, DARBHANGA.

PR. No. 014340 (Welfare) 2026-27

This information is available on website **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** also

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में जीत के साथ बना ओवरआल चैपियन

गयाजी। मगध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर-कालेज बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026-27 में गया कालेजकी टीमने बालक एवं बालिका दोनों वर्गोंमें अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन और शानदार टीम भावनाका प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैंपियनशिपका ऐतिहासिक खिताब अपने नामकर लिया है ! प्रतियोगिता की शुरुआत से ही दमदार प्रदर्शन करते हुए गया कालेजने पहले शुरुआती दौर में जगजीवन कालेजको पराजित किया और इसके बाद रोमांचक फाइनल मुकाबले में एएम कालेजको करारी मात दी।

बालिका वर्गमें उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए खुशी कुमारी, सिद्धि गुप्ता, अनीशा कुमारी और बेबी कुमारीने शानदार जीत दर्जकर टीमकी खिताबी दावेदारी को निर्णायक बढ़त दिलाई। इस दोहरी सफलता और ऐतिहासिक उपलब्धिसे पूरे गया कालेज परिसर में हर्ष, उल्लास और जश्नका माहौल बना



हुआ है। कालेज प्रशासन, शिक्षकों तथा विद्यार्थियोंने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्यकी कामना की है । इस बीच, इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी सह युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी ऊर्फ एपी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि मानपुर के लखीबाग निवासी रविंद्र शर्माकी पुत्री खुशी कुमारीने अपनी निरंतर कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट खेलके दमपर मगधके कई जिलोंमें पदक हासिलकर पूरे गया शहरका नाम रोशन किया है।

वजीरगंज विधायक ने अपने आवास पर 11 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाकर लोगों को किया प्रेरित

गयाजी। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए वजीरगंजके विधायक विरेंद्र सिंहने अपने मानपुर स्थित आवास पर 11 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र (सोलर रूफटाप) स्थापित कराया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगाकर बिजली के बिल से राहत पाएं और देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने में अपना योगदान दें। भारत सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने का एक शानदार माध्यम है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार दोनों की तरफ से सब्सिडी का लाभ मिलता है। जो लोग इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, वे आधिकारिक पोर्टल चउनतलंहींत.हवअ.पद पर जाकर आवेदन कर सकते हैं या अपने नजदीकी विद्युत विभाग के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। गया विद्युत सर्किल में इस योजना को लेकर लोगों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है, जहाँ अब तक कुल 3,687 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 1,295 घरों



की छतों पर सोलर पैनल सफलतापूर्वक लगाए जा चुके हैं। विद्युत अधीक्षण अभियंता संदीप प्रकाशने भी सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से आगे आकर अपने घरों पर सोलर प्लांट लगवाने का आहवान किया है, ताकि समाज में एक मिसाल कायम हो सके। इस अवसरपर विद्युत कार्यपालक अभियंता अजय कुमार, कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि कौशल कुमार और कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27

1. कार्य विवरणी:–

क्र० सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि(रू0 में)	परिमाण –विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की तिथि	स्थानीय अभिकर्त्ता के संबंधित जिला
01	सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद अंतर्गत कार्यालय भवन में रख–रखाव एवं Bathroom निर्माण कार्य।	4,63,933.00	9,300.00	750.00	02 माह	जहानाबाद

2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद।
3. निविदा विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 19.11.2026 से 20.11.2026 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 23.11.2026 समय 03:00 बजे अपराह्न।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.11.2026 समय 03.30 बजे अपराह्न।
6. परिमाण- विपत्र बिक्री का कार्यालय : 1) मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालंदा, बिहारशरीफ।
2) अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालंदा, बिहारशरीफ।
3) कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :क्रमांक 5 के सभी कार्यालयों में।
8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवंसमय : सक्षम पदाधिकरी के आदेशानुसार तकनीकी बीड में सफल निविदादाता को सूचित किया जाएगा।
9. निविदा के नियमों, शर्तों एवं विशेश जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय सूचना पट्ट पर तथा निविदा प्रपत्र की बिक्री के स्थान पर सम्पर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए https://state.bihar.gov.in/wrd/पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014362 (WRD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद
मो0–7463889886

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

डीपीएस गया के छात्रों का प्रतिष्ठित परीक्षा 'आईओक्युएम' में शानदार प्रर्दशन

गयाजी। दिल्ली पब्लिक स्कूल गया के 17 प्रतिभाशाली छात्रोंने गत 06 सितंबर 2026 को संपन्न देश की



प्रतिष्ठित परीक्षा 'इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स' में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक सितारा और जड़ दिया। ये होनहार छात्र अब प्रतियोगिता के अगले चरण में आगामी 15 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली अति प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षा 'रिजनल मैथ्स ओलंपियाडमें हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थी देश के श्रेष्ठतम संस्थानों में नामांकन के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा प्रदेय छात्रवृति भी प्राप्त करते हैं। सफल होने वाले छात्रों में दसवीं कक्षा के ;षभ राज, कार्तिक, प्रबल सिंह, अनुष्का वत्स, गौरव कुमार, तेजस चौहान, श्रियांश राज, अभिमन्यु कुमार और मानवी रानी, नवीं कक्षा के मानस रंजन, युवराज सिन्हा, अभिज्ञान कुमार, आकृति आनंद, सार्थक कुमार एवं गौतम कुमार तथा ग्यारहवीं कक्षा के आदर्श कुमार तथा योगेश प्रसाद शामिल हैं।

प्रधानाचार्य ने इस शानदार सफलता पर हार्दिक खुशी जाहिर करते हुए सफल छात्रोंको इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के अकादमिक क्षेत्र में बढ़ते उत्कृष्ट कदम हैं। विद्यालयके निदेशक संजीव कुमारने इस ऐतिहासिक उपलब्धिपर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियोंको शुभकामनाएँ दी हैं और आगामी चरण हेतु उनकी सफलता की कामना की है ।

जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

गयाजी। गया जिले में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

27 अक्टूबर 2026 को पीड़ित ने लिखित आवेदन देकर शिकायत की कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान रतन कुमार उसके घर पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने पीड़ित के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर कोतवाली थाना में कांड संख्या 552/26, दिनांक 27 अक्टूबर 2026 को दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितकी पहचान रतन कुमार ऊर्फ राहुल सिंह, पिता स्वर्गीय प्रसाद, निवासी नई गोदाम, अलीगंज, थाना कोतवाली, जिला गया के रूप में की गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

कन्या विद्यालय में अवैध नियुक्ति पर गिरेगी गाज

- प्र. प्रधानाध्यापक उमेश कुमारपर अनुशासनिक काररवाईका आदेश
- 2019 से अब तक जिम्मेदार रहे प्रधानाध्यापकोंपर होगी प्राथमिकी
- छात्राओंसे अधिक शुल्क वसूलीके आरोपोंकी जांचके लिए बनेगी टीम

गयाजी। फतेहपुर स्थित प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में बाहरी व्यक्ति से लिपिक का काम करानेके मामले में शिक्षा विभागने सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मगध प्रमंडलने विद्यालय के वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने और बाहरी व्यक्ति से अवैध रूप से विद्यालयका काम कराने के लिए जिम्मेदार प्रधानाध्यापकों पर प्राथमिकी की कार्रवाई करनेका निर्देश दिया है। छात्राओं और अभिभावकों से निर्धारित शुल्कसे अधिक राशि वसूलनेके आरोपोंकी जांच के लिए भी टीम गठित करने को कहा गया है।

यह कार्रवाई फतेहपुर निवासी सूरज कुमारकी ओर से दायर परिवाद पर हुई सुनवाईके बादकी गई है। शिकायतमें आरोप लगाया गया था कि प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार अपने संबंधी अशोक कुमार से करीब चार वर्षोंसे विद्यालय में लिपिक का काम करा रहे थे। इसके साथ ही छात्राओं और अभिभावकों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने की शिकायत भी की गई थी। मामलेकी सुनवाईके दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) की ओर से प्रस्तुत प्रतिवेदन और उपलब्ध अभिलेखोंकी जांचकी गई। इसमें सामने आया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बिहार, पटनाने 21 नवंबर 2019 को जारी आदेश के माध्यमसे अशोक कुमारकी सेवा मान्यताके दावेको अस्वीकृत कर दिया था। इसके बावजूद उनके विद्यालयमें काम करनेका मामला सामे आया। विभागीय प्रतिवेदन के अनुसार, संबंधित अधिकारियोंकी ओर से बाहरी व्यद्रि से काम लेना बंद करने और उन्हें विद्यालय आने से रोकने का निर्देश दिया गया था। प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमारने अपने लिखित पक्ष में बताया कि अशोक कुमार से स्पष्टीकरण पूछनेके बाद उनसे काम लेना बंद कर दिया गया है। उनके अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 से अशोक कुमार विद्यालय नहीं आ रहे हैं। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकने जिला शिक्षा पदाधिकारी, गया को निर्देश दिया है कि बाहरी व्यक्ति से अवैध रूप से विद्यालय का काम कराने के लिए जिम्मेदार प्रधानाध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापकोंके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाईकी जाए। वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमारके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई भी शुरू की जाए। वहीं, छात्राओं और अभिभावकों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलनेके आरोपोंकी जांच के लिए टीम गठित कर रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करानेकी कार्रवाई की जाएगी।

बिहार सरकार

कार्यालय :– कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, प्रमंडल, पूर्णिया
E-mail ID:- fcdpurnea@gmail.com
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 02/2026–27
पत्रांक 2223

1. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 22.10.2026
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 से दिनांक 05.11.2026 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 06.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.11.2026 को अपराह्न 3:30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री एवं प्राप्ति का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया।
2. अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णियाँ।
3. मुख्य अभियंता,बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग कटिहार।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तिथि एवं समय बाद में निर्धारित किया जायेगा।
8. निविदा की वैधता की अवधि :– निविदा प्राप्ति के 120 दिन तक।
9. कार्य की विवरणी :–

यूप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यपर्णीय) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
01	कार्यालय/अन्य संबद्ध भवनों तथा परिसरों के वार्षिक संधारण हेतु ।	5.00844	10100.00	1250.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्त्ता हेतु
02	सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता के कार्यालय का त्रैवार्षिक रंगाई पोताई आदि हेतु।	3.28200	6600.00	750.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्त्ता हेतु

10. निविदा के नियमों, शर्तों एवं विशेश जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में अथवा मोबाईल संख्या 7463889220 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण जल निस्सरण
प्रमंडल, पूर्णिया।
मोबाईल नं0:–7463889220

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014259 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

नशामुक्त भारत के लिए युवाओं को जागरूक करने में मीडिया की भूमिका अहम

आईआईएम बोधगया में पीआईबी की 'वार्तालाप' कार्यशाला, विशेषज्ञों ने नशे के दुष्प्रभावों पर की चर्चा

बोधगया। पत्र सूचना कार्यालय, पटना, सूचना एवं प्रसारण मंत्रलय, भारत सरकार की ओर से गुरुवार को आईआईएम, बोधगया में गया जी जिले के स्थानीय पत्रकारों के लिए 'क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला रू वार्तालाप' का आयोजन किया गया।'स्वस्थ युवा, नशा मुक्त भारत' विषय पर आयोजित कार्यशाला में नशे की रोकथाम, युवाओंको नशे से दूर रखने और जन-जागरूकता बढ़ाने में मीडिया की भूमिका पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो. विनिता एस. सहाय मुख्य अतिथि, मगध रेंजके आईजी विकास वैभव अति विशिष्ट अतिथि और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक सैयद शारिक उमर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। पीआईबी पटनाके उप निदेशक लौकिक पारखने कार्यशाला के उद्देश्य बताते हुए कहा कि 'वार्तालाप' का मकसद पत्रकारों के साथ संवाद स्थापित करना और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी उन तक पहुंचाना है।

प्रो. विनिता एस. सहाय ने कहा कि लोकतंत्रके चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की जिम्मेदारी लगातार बढ़ रही है। मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बीच पत्रकारों की भूमिका समाज को सही दिशा देनेमें महत्वपूर्ण है। आईजी विकास वैभव ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करेंगे। इसके लिए युवाओं में आत्मविश्वास, आत्मबोध और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना जरूरी है।

एनसीबी के अधीक्षक ने नशे की समस्या से निपटने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, मुजफरपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डा. रविकांत सिंह ने कहा कि नशे की समस्या पूरे समाज को प्रभावित करती है और इसके समाधान के लिए सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। यूनिसेफ की स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रेरणा कौल ने नशे से जुड़े मामलों की रिपोर्टिंग में संवेदनशीलता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे की लत से प्रभावित लोगों के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, जो उनके प्रति कलंक और भेदभाव को बढ़ावा दें। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह और क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थानके अनुसंधान अधिकारी अशोक कुमार सिन्हाने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी भानु कुमार झा ने अतिथियों के परिचय के साथ की।

बीटीएमसी प्रभारी सचिव ने महाबोधि मंदिर का किया औचक निरीक्षण

– महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्थाका पुलिस पदाधिकारियोंने लिया जायजा

बोधगया (आससे)। अपर समाहर्ता-सह- बीटीएमसी प्रभारी सचिव परितोष कुमार द्वारा गुरूवार को महाबोधि मंदिर परिसरका औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वहां की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई से संबंधित कार्यों के लिए संबंधित कर्मियोंको कई निर्देश दिए। आगामी रविवार को बीटीएमसी द्वारा वार्षिक महाकठिन चीवर दान का आयोजन होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित होंगे।

इन्हीं तैयारियों के मददेनजर प्रभारी सचिव ने घुम-घुमकर पुरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पहली चेकिंग प्वाईट पर रखे लोहे के टूटे बैरिकेटिंग को जल्द से जल्द मरम्मती करनेका निर्देश दिया। तत्पश्चात रेड पैडेस्टल पर पड़े जूट कार्पेटको हटाकर कहीं अन्यत्र रखने का आदेश दिया। मंदिर परिसर में परिभ्रमण के क्रम में वह शौचालय का निरीक्षण किया एवं वहां की साफ-सफाई देखी तथा एक ब्लाक में लाईटिंग ठीक करने तथा एक शौचालय का दरवाजा रिपेयर करानेका निर्देश दिया। इसके बाद वह बटर लैंप क्षेत्र गए जहां पुराने अनुपयोगी स्क्रैप को देखा, जिसे निलामी प्रक्रिया कर वहक्रसे हटाने का निर्देश दिया। मंदिर परिसर की नियमित साफ-सफाई को और बेहतर करने हेतु संबंधित कर्मियों को कड़े निर्देश दिए एवं इसका लगातार निरीक्षण करने को कहा गया। आने वाले नवम्बर माह से श्रद्धालुओंकी भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए उपरोक्त सभी निर्देश को अनिवार्य रूप से अनुपालन का निर्देश दिया गया।

वहीं वरीय पुलिस अधीक्षकके निर्देशन में महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक, गया एवं



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बोधगया द्वारा प्रतिनियुक्त पुलिस बल एवं चेक पोस्ट का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, सतर्कता एवं निगरानी सुनिश्चित करने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)
अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पादवादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :–

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अवस्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
01	उत्पाद थाना, नवादा	86/25	WAGONR CAR	MH02BD/ 9102	17-Dec-07	F10DN442 6600	MA3EED81 S00602452	35000.00	3500.00	शराब डिपो	मेहसिन मोहम्मद फारूक दलखनिया, पिता– नारायण ठठेरा, ग्राम– वकोला पाईप लाईन नेहरू रोड, थाना– सांताक्रुज ई मुंबई, मुंबई, (महाराष्ट्र)– 400055

1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को विहित प्रपत्र में आवेदन, स्वअभिप्रमाणित आधार नंबर, पैन कार्ड की छायाप्रति, आचरण प्रमाण संबंधित शपथ पत्र एवं तालिका में वर्णित वाहनों के सामने अंकित अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो Superintendent of Excise, Nawada के पद नाम से तथा Payable at SBI Nawada में देय होगा को क्रमशः दिनांक **06.11.2026, 18.11.2026, 24.11.2026** के अप० 04:00 बजे तक किसी कार्य दिवस को कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा में जमा करना होगा।
2. विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 014217 (EXCISE) 2026-27 **नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा।